सविधान दिवस का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 26 नवम्बर 2022 को राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में सविधान दिवस मनाया गया।महाविद्यालय प्राचार्य डा० कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएँ दी व इस दिवस की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि संविधान दिवस को मनाने की सार्थकता इस में है कि हम संविधान के आदर्शों मूल्यों और उसकी संस्थाओं का आदर करें व "हमें अपने अधिकार के साथ - साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए" । आज अधिकांश लोग अपने अधिकारों के प्रति तो सजग है लेकिन कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं हैं । अधिकार व कर्तव्य साथ साथ चलने चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों को कहा के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी प्रस्तावना को जानना चाहिए क्योंकि इसमें संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था की झलक दिखती हैं । इस अवसर पर सबने संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान के प्रति निष्ठा रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ० विनोद राठी, भूतपूर्व छात्र, अग्रवाल महाविद्यालय ने मौलिक अधिकारों के महत्व पर एक अतिथि व्याख्यान दिया उन्होंने मौलिक अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे संविधान की बुनियादी बातों का और कम से कम मूल कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक तत्वों की जानकारी सभी को होनी चाहिए । यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डा० रितु व सहायक प्राध्यापिका कुमारी उदिता कुण्डू के सहयोग से संपन्न हुआ किया गया ।